सम्मान समारोह | प्रेरणा की अविरल धारा बना धनपुरी का सम्मान समारोह





# हमें जीतना है या सीखना है' मेधा, संस्कार और संकल्प का दिव्य उत्सव

**नवभारत, धनपुरी।** कोयलांचल की पावन और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत भूमि उस क्षण अद्भुत गौरव, उल्लास और आत्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठी, जब नवभारत जबलपुर की प्रेरणादायी पहल पर धनपुरी के इंडोर स्टेडियम में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य, गरिमामय और अविस्मरणीय समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि प्रतिभा, परिश्रम, संस्कार और सामाजिक चेतना का ऐसा समागम था, जिसने उपस्थित जनसमूह के अंतर्मन को स्पर्श करते हुए समाज के लिए एक सशक्त और सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

इस भव्य आयोजन की परिकल्पना और क्रियान्वयन के पीछे नवभारत कोयलांचल क्षेत्र प्रभारी प्रदीप शर्मा की दूरदर्शी सोच, संवेदनशील दृष्टिकोण और शिक्षा के प्रति समर्पित भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। उन्होंने जिस उद्देश्य के साथ इस आयोजन को साकार किया—वह केवल प्रतिभाओं का सम्मान नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान देना, समाज में शिक्षा के महत्व को प्रतिष्ठित करना और नई पीढ़ी को अपने लक्ष्य के प्रति सजग करना था। उनका यह प्रयास निस्संदेह एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर सामने आया है, जो आने वाले समय में समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर मंच पर विराजमान विभूतिया उस पल की साक्षी बने, मंचासीन





विभूतियों के अलौकिक और ऊर्जावान सानिध्य से पूरा माहौल गरिमामई हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसिंहनगर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी,कार्यक्रम मे सारस्वत अतिथि माननीय जिला न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान साहब देपालपुर (इंदौर), विशिष्ट अतिथि नगर परिषद बुढार अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरवगी, वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा जी,मुकेश तिवारी जी पूर्व कुलपति शम्भु नाथ जी, श्रीकांत गीतानुरागी महराज कटकोना ,डॉक्टर राजेश पांडे, श्रीमति अनपा खान जिला परिवहन अधिकारी , पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील जी, एम. ए. सिद्दीकी वर्कशॉप मैनेजर सोहागपुर छेत्र, कौशलेश पांडे सर्कुलेशन हेड नव भारत जबलपुर, डॉ शशि शंकर सुहाने, पार्षद आनंद कचेर, श्रीमती सुकृति सिंह पार्षद, गुड्डू दहिया, प्रवीण बाड़ोलिया पार्षद, स्कन्द सोनी पार्षद, पूर्व नगर पालिका अधिकारी रविकरण त्रिपाठी मंचसीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ—यह दृश्य मानो अज्ञान के तमस से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ने की एक सजीव अभिव्यक्ति था। मंच पर विराजमान अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को दिव्यता और गरिमा से परिपूर्ण कर दिया। इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ व फूलमाला के साथ हुआ।

कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण और आत्मीय क्षण वह था, जब माननीय न्यायाधीश श्री खान ने अपनी विशिष्ट शैली में ईश्वर स्तुति का सुमधुर गान प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा और भावविभोरता से सराबोर कर दिया—

**'हे ईश्वर मालिक हे दाता,**
**हे जगत नियंता दीनबंधु,**
**हे परमेश्वर प्रभु हे भगवन,**
**हे प्रतिपालक हे दया सिन्धु,**
**सभ्यता यशस्वी हो जाए,**
**मानवता का फैले प्रकाश,**
**सब दिव्य दृष्टि के पोषक हों,**
**कर दो कुदृष्टि का सर्वनाश,**

इन पंक्तियों ने केवल वातावरण को ही नहीं, बल्कि हर श्रोता के अंतर्मन को भी स्पंदित कर दिया। यह प्रस्तुति शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों का अद्वितीय संगम थी, जिसने कार्यक्रम को एक आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की।

## आज का युग प्रतिस्पर्धा का : मनीषा

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है, किंतु उससे कहीं अधिक यह प्रतिभा के उन्मेष का युग है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जब बच्चों की सफलता का सम्मान उनके माता-पिता की उपस्थिति में होता है, तब वह क्षण केवल उपलब्धि का नहीं, बल्कि संस्कारों और सपनों के साकार होने का उत्सव बन जाता है।

## या तो हम जीतते हैं या सीखते है : शालिनी

नगर पंचायत बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने अपने उद्बोधन में जीवन का अत्यंत गूढ़, किंतु सरल सत्य प्रस्तुत करते हुए कहा— 'या तो हम जीतते हैं, या फिर सीखते हैं।' उनके इन शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मबल का संचार किया। उन्होंने असफलता को जीवन की पराजय नहीं, बल्कि सफलता की ओर अग्रसर होने का प्रथम सोपान बताया। शिक्षा को उन्होंने जीवन का वह प्रकाश कहा, जो मनुष्य को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर उजाले और आत्मबोध की दिशा में अग्रसर करता है।

## माता-पिता एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति : हिदायत

कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि, माननीय जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान ने अपने गरिमामयी और ओजस्वी उद्बोधन से कार्यक्रम को एक विशिष्ट ऊँचाई प्रदान की। उनकी वाणी में गहराई, संवेदनशीलता और अनुभव का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय अवसरों से परिपूर्ण है, किन्तु सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है, जो अपने लक्ष्य को स्पष्ट कर, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ उस दिशा में अग्रसर होते हैं। उन्होंने जीवन मूल्यों पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह जीवन ईश्वर का अनुपम उपहार है और माता-पिता एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यदि आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर अभ्यास जीवन का हिस्सा बन जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

उनके शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास की नई ज्योति प्रज्वलित कर दी।

## ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं : मरावी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जैतपुर विधायक श्री जय सिंह मरावी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यही प्रतिभाएँ आने वाले समय में देश की प्रगति की धुरी बनेंगी। उन्होंने अभिभावकों के समर्पण और आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं और युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं।इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा और गौरव का प्रतीक हैं। कार्यक्रम के मंच संचालन की बात करें, तो धनपुरी की शान, शब्दों के सशक्त शिल्पी एवं कोल इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अजय द्विवेदी ने अपनी ओजस्वी, प्रभावशाली और सजीव शैली से पूरे आयोजन में प्राण फूंक दिए। उनकी वाणी की मधुरता, शब्दों की सटीकता और प्रस्तुति की प्रभावशीलता ने कार्यक्रम को निरंतर ऊर्जावान बनाए रखा। वे केवल मंच संचालक नहीं, बल्कि कार्यक्रम की आत्मा बनकर उपस्थित रहे, जिन्होंने हर क्षण को जीवंत और स्मरणीय बना दिया।अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप शर्मा 'भोलू' ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका यह प्रयास केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और भविष्य की पीढ़ी के प्रति उनका स्नेहपूर्ण दायित्व है।

# ग्रीष्मकालीन बास्केटबॉल कोचिंग कैंप शुरू



खिलाड़ियों को मिल रहा राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण

**नवभारत,शहडोल।** जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन बास्केटबॉल कोचिंग कैंप का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में बालक एवं बालिकाएं कैंप में भाग लेकर बास्केटबॉल की बारीकियां सीख रहे हैं। 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी इसमें शामिल होकर खेल कौशल को निखारने का अवसर पा रहे हैं। कैंप में राष्ट्रीय स्तर के कोच के.के. श्रीवास्तव द्वारा खिलाड़ियों को ड्रिब्लिंग, पासिंग, फिटनेस और बास्केटबॉल की मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला बास्केटबॉल संघ ने पिछले वर्षों में खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। गत वर्ष आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जबकि ओपन स्टेट प्रतियोगिता में संभाग की टीम उपविजेता रही थी।

## राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो चुके है खिलाड़ी

राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पिछले वर्ष अनुष्का करेंगल और आराध्या द्विवेदी का चयन ओपन नेशनल बास्केटबॉल टीम में हुआ था। इसके अलावा 14 वर्ष बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आराध्या द्विवेदी, अनुष्का, पावनी तिवारी, कृपा गुप्ता और अवनी गर्ग ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। उस प्रतियोगिता में कोच के रूप में के .के . श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही ।गौरतलब है कि जिला बास्केटबॉल संघ पिछले 32 वर्षों से लगातार खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। अब तक करीब 200 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। यह ग्रीष्मकालीन कोचिंग कैंप जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# सार्वजनिक प्याऊ शुरू, भीषण गर्मी में लोगों को राहत

**नवभारत, शहडोल ।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आम नागरिकों की सुविधा के लिए सार्वजनिक प्याऊ (पेयजल केंद्र) शुरू किए गए हैं। यह पहल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में जनहित को ध्यान में रखते हुए की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी के मार्गदर्शन में जय स्तंभ चौराहा, रैन बसेरा परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, सोहागपुर स्थित रामलीला मंच के पास, भूसा तिराहा, पुराने नगर पालिका कार्यालय के सामने तथा नया बस स्टैंड (गंज क्षेत्र) सहित कई स्थानों पर प्याऊ केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से राहगीरों, यात्रियों और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे तपती गर्मी में लोगों को काफी राहत मिल रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में सराहनीय कदम बताया है। नगर पालिका परिषद ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित साफ-सफाई बनाए रखी जाए और पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ का शपथ ग्रहण संपन्न

**नवभारत,शहडोल।** भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ (आईएफडब्ल्यूजे) के संभागीय, जिला एवं ब्लाक इकाइयों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 1 मई को जय विलास पैलेस, पाली रोड शहडोल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका, जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों एवं सैंकड़ो कि संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति ने इसे प्रदेश स्तर का महत्वपूर्ण आयोजन बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान (इंदौर) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह एवं प्रांत महासचिव रामगोपाल बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र गौतम ने की। वहीं प्रदेश संगठन प्रभारी राहुल सिंह राणा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी के साथ नेशनल काउंसलर गोपाल दास बंसल, मनोज सिंह, अनिल द्विवेदी, कमलेश श्रीवास्तव, रामबाबू चौबे, लुकमान अली व प्रदेश सचिव जुनैद खान, अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।




## मेधावी विद्यार्थियों व समाजसेवियों का सम्मान

इस दौरान उन छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया, जिन्होंने राज्य एवं जिला मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं में सुश्री अरायना गुप्ता ने 490 अंक (98 :) के साथ राज्य मेरिट में स्थान हासिल किया, जबकि सुश्री राधिका गुप्ता ने 489 अंक (97 .8 :) के साथ जिला मेरिट में जगह बनाई। कक्षा 12वीं में सुश्री माही मिश्रा ने 483 अंक (96 .6 :) के साथ कला संकाय में राज्य मेरिट में स्थान प्राप्त किया। वहीं सुश्री सर्विका शुक्ला (गणित), सुश्री सरिता राय (जीवविज्ञान), अभि दास रॉय (गणित), सुश्री नादिया रोशन (कला), सुश्री माही मिश्रा (वाणिज्य) एवं सुश्री रिमझिम मिश्रा (कला) ने भी उत्कृष्ट अंक अर्जित कर जिला मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले लीनस क्लब शहडोल डायमंड से मेघा गुप्ता एवं निकिता सोनी, दिव्य मुस्कान से छाया गुप्ता, कायस्थ समाज से रमा निगम, दिशा वेलफेयर एसोसिएशन से रुपाली सिंघई तथा अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान, शहडोल से गौरव मिश्रा को भी सम्मानित किया गया।

गंभीर सवाल | एसईसीएल की 'आवश्यक सूचना' ने खड़े किए बड़े सवाल

# ठेका मजदूरों पर दबाव का खुलासा

**नवभारत, धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) सोहागपुर क्षेत्र से जारी एक 'आवश्यक सूचना' ने कोयलांचल में काम कर रहे ठेका मजदूरों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पत्र जहां एक ओर प्रबंधन की सफाई पेश करता है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत भी देता है कि जमीनी स्तर पर हालात उतने सामान्य नहीं हैं, जितना दिखाने की कोशिश की जा रही है।

पत्र में साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि जेएमएस (जॉब मैनेजमेंट सिस्टम) के अंतर्गत कार्यरत ठेका मजदूरों पर दबाव बनाकर उनसे पैसे की वापसी की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं, यदि मजदूर इस दबाव के आगे झुकने से इनकार करते हैं, तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी तक दी जा रही है। यह कोई मामूली आरोप नहीं, बल्कि श्रमिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है। प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जांच समिति गठित करने की बात कही है, और मजदूरों से अपील की है कि वे अपनी शिकायत खुलकर रखें। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर सब कुछ पारदर्शी और निष्पक्ष है, तो फिर ऐसी स्थिति उत्पन्न ही क्यों हुई। क्या यह मान लिया जाए कि सिस्टम के भीतर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार या शोषण की जड़ें गहरी हो चुकी हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि किसी मजदूर पर किसी प्रकार का दबाव बनाया जाता है, तो वह तुरंत प्रबंधन को सूचित करे, ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। साथ ही प्रबंधन ने यह भरोसा भी दिलाया है कि बिना पर्याप्त कारण के किसी भी मजदूर को उसके कार्य से नहीं हटाया जाएगा। हालांकि, इस तरह के आश्वासन अक्सर कागजों तक ही सीमित रह जाते हैं—जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां करती है।

## सीमित संसाधनों के बीच काम कर रहे हैं मजदूर

कोयलांचल में पहले भी ठेका मजदूरों के शोषण, वेतन कटौती और दबाव की खबरें सामने आती रही हैं। ऐसे में यह पत्र कहीं न कहीं उन आरोपों की पुष्टि करता नजर आता है, जिन्हें अब तक दबाने की कोशिश की जाती रही है। सबसे अहम बात यह है कि मजदूर, जो पहले से ही असुरक्षित रोजगार और सीमित संसाधनों के बीच काम कर रहे हैं, यदि उन पर इस तरह का आर्थिक और मानसिक दबाव डाला जा रहा है, तो यह न केवल अमानवीय है, बल्कि श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन भी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि एसईसीएल प्रबंधन इस मामले में वास्तव में कितनी गंभीरता दिखाता है। क्या यह जांच केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी, या फिर दोषियों पर ठोस कार्यवाही होगी ?

# कार्यकारी अध्यक्ष की हज यात्रा, पेंशनर्स कर रहे मंगल कामनाएं

**नवभारत,गोहपारू ।** मध्यप्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन संभाग शहडोल के संभागीय महासचिव महेश प्रसाद द्विवेदी के द्वारा दी जानकारी के मुताबिक मुख्य कार्य पालन अधिकारी से सेवा निवृत्त प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद इमरान सिद्दीकी अपनी बीबी श्रीमती शबनम सिद्दीकी एवं समधी समधन सहित हज यात्रा में मक्का मदीना के लिए दिनांक 05ध्05ध्2026को विलासपुर इंदौर ट्रेन से रवाना हो रहे हैं । ज्ञात हो कि जैसे हर हिन्दू की तमन्ना रहती है कि अपने जीवन काल में एक बार कैलाश सरोवर की यात्रा कर ले तो उसका जीवन धन्य एवं ईश्वर से सानिध्य हो जाता है उसी प्रकार इस्लाम में दिली ख्वाहिश रहती है कि एक बार मक्का मदीना में हज करने का सौभाग्य मिल जाए तो जन्नत से कोई कम नहीं।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों ने ली प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता

संभागीय अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय की रही उपस्थिति

**नवभारत,गोहपारू ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश तहसील गोहपारू के अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक एवं इनकी ही प्रेरणा से दिनांक 30ध्04ध्2026को माध्यमिक विद्यालय खांड़ विकास खण्ड गोहपारू में कार्यरत शिक्षक गणेश प्रसाद मिश्र की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा निवृत्ति समारोह में उपस्थित प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षक गणेश प्रसाद मिश्र एवं वहां उपस्थित सेवा निवृत्त शिक्षक राकेश कुमार तिवारी को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता दी गई साथ ही पूर्व में सेवा निवृत्त शिक्षक रामभरोषा कोल प्रा वि सरसी तथा शिवनंदन सिंह प्रा वि गोडारू एवं प्रभूदयाल टेकाम प्रा वि नवाटोला को भी संभागीय महासचिव महेश प्रसाद द्विवेदी एवं राजेश परौहा द्वारा उक्त एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता दिलाई गई । ज्ञात हो कि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन संभाग शहडोल की कमान जब से अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय एवं महासचिव महेश प्रसाद द्विवेदी ने संभाली है तब से संगठन लगातार विकासोन्मुख दिखाई पड़ रहा है , क्योंकि दोनों पदाधिकारी अपनी पूरी ऊर्जा एवं तन-मन-धन संगठन में गतिशीलता बनाए रखने का हर संभव प्रयास अहर्निश लगे रहते हैं सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी पेंशनर्स का स्वागत एवं अभिनन्दन जिले के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान सिद्दीकी एवं अध्यक्ष पी सी गुप्ता द्वारा किया गया तथा राजेश कुमार सिंह संभागीय उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य बिहारी लाल कोल, द्वारिका प्रसाद शुक्ल जिला सहसचिव, राजेन्द्र प्रसाद सोनी जिला उपाध्यक्ष रमा शर्मा, रामनिवास शर्मा, बुद्धसेन सिंह, राजेश कुमार परौहा, महेश प्रसाद द्विवेदी,सनत कुमार पाण्डेय सहित अनेक पेंशनर्स ने इन्हें संगठन में शामिल होने की बधाइयां दीं हैं और आशा करते हैं कि इन लोगों के शामिल होने से निश्चित ही एसोसिएशन को एक नई ऊर्जा एवं शक्ति मिल सकेगी

